# अतिरिक्त मुख्य सचिव ने राजस्थान सम्पर्क हेल्पलाइन पहुंचकर की परिवादियों से बात

## परिवेदनाओं के त्वरित निस्तारण के दिए निर्देश



अतिरिक्त मुख्य सचिव ने बुधवार को शासन सचिवालय स्थित राजस्थान सम्पर्क हेल्पलाइन ( 181 ) पहुंचकर परिवादियों से कॉल पर संवाद किया और उनकी समस्याएं जानी।

**जयपुर, (निसं)।** अतिरिक्त मुख्य सचिव, जल संसाधन, इन्दिरा गांधी नहर एवं सिंचित क्षेत्र विकास विभाग अभय कुमार ने बुधवार को शासन सचिवालय स्थित राजस्थान सम्पर्क हेल्पलाइन (181) पहुंचकर परिवादियों से कॉल पर संवाद किया और उनकी समस्याएं जानी। उन्होंने समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया।

कुमार ने विभागीय अधिकारियों के साथ प्रकरणों के निस्तारण की औसत अवधि, लंबे समय से लंबित मामलों, कम संतुष्टि प्राप्त श्रेणियों तथा जल संसाधन विभाग से संबंधित शिकायतों की विस्तृत एवं तथ्यात्मक समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक परिवादी की समस्या का त्वरित, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित किया जाए। अतिरिक्त मुख्य सचिव ने कहा कि सम्पर्क पोर्टल पर प्राप्त प्रकरणों के निस्तारण के लिए आवश्यक सुधारात्मक उपाय अपनाये जाएं।

उन्होंने विभागीय अधिकारियों को परिवादियों के साथ प्रभावी संवाद स्थापित करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने जल संसाधन विभाग, इन्दिरा गांधी नहर एवं सिंचित क्षेत्र विकास विभाग से संबंधित विभिन्न शिकायतों के निस्तारण की प्रगति की वर्तमान स्थिति का भी मूल्यांकन किया। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशन में लोक शिकायतों के प्रभावी निस्तारण के उद्देश्य से सभी विभागों के प्रभारी सचिव 4 मार्च से 28 अप्रैल तक राजस्थान संपर्क हेल्पलाइन पर निर्धारित तिथियों में स्वयं उपस्थित रहकर शिकायतकर्ताओं से सीधा संवाद स्थापित कर रहे हैं। इस पहल के माध्यम से प्रकरणों की सुनवाई, तथ्यात्मक समीक्षा तथा त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है।इस अवसर जल संसाधन विभाग, इन्दिरा गांधी नहर एवं सिंचित क्षेत्र विकास विभाग, प्रशासनिक सुधार एवं समन्वय विभाग तथा राजस्थान सम्पर्क हेल्पलाइन के अधिकारी मौजूद रहे।

# जेजेएम घोटाला मामलें में आरोपियों की तलाश में 16 दिन से सर्च ऑपरेशन जारी

- **21 शहरों में 100 से अधिक ठिकानों पर दबिश**

**जयपुर, (निसं)।** जल जीवन मिशन में हजारों करोड़ रुपये के कथित भ्रष्टाचार मामले में फरार चल रहे आरोपित सुबोध अग्रवाल व अन्य की गिरफ्तारी के लिए एसीबी का सर्च ऑपरेशन लगातार जारी है। 17 फरवरी 2026 से शुरू हुई पतारसी कार्रवाई को बुधवार तक 16 दिन पूरे हो चुके हैं। इस दौरान पुलिस की 40 विशेष टीमें विभिन्न राज्यों में लगातार दबिश दे रही हैं।

एसीबी पुलिस महानिदेशक गोविंद गुप्ता के अनुसार उप महानिरीक्षक पुलिस एवं पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, उप अधीक्षक पुलिस, पुलिस निरीक्षक व अन्य अधिकारियों की टीमें गठित कर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

अब तक जयपुर, उदयपुर, बाड़मेर, जोधपुर, झालावाड़, कोटा, नागौर, विराटनगर, निवाई (टोंक), चंदवाजी-आमेर, गंगापुर सिटी सहित नई दिल्ली, चंडीगढ़, हरियाणा के फरीदाबाद व सोहना, उत्तर प्रदेश के नोएडा, मेरठ, प्रयागराज, बुलंदशहर, खुर्जा तथा मुंबई समेत करीब 21 शहरों में 100 से अधिक संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा चुकी है। इनमें आरोपियों के जयपुर स्थित सी-स्कीम, निर्माण नगर, मान्यावास, बजाज नगर विस्तार और सुंदर नगर स्थित आवास, आसपास के सिवाड़, बगरू व बिंदायका के फार्म हाउस, नई दिल्ली की न्यू मोती बाग व डिफेंस कॉलोनी, फरीदाबाद सेक्टर-39, नोएडा, सोहना के फार्म हाउस तथा मुंबई के मालाबार हिल और जुहू क्षेत्र में रिश्तेदारों के घर शामिल हैं।

पुलिस अब तक करीब 50 लोगों से पूछताछ कर चुकी है। इनमें आरोपियों के करीबी रिश्तेदार, मित्र, ड्राइवर, नौकर व संभावित रूप से आश्रय देने वाले व्यक्ति शामिल हैं। तकनीकी स्तर पर भी जांच तेज की गई है। पांच शहरों में आरोपियों व उनके परिचितों के ठिकानों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज का विश्लेषण कर सूचनाएं जुटाई जा रही हैं। इसी क्रम में दिल्ली, मुंबई, नोएडा, फरीदाबाद और मेरठ से चार व्यक्तियों-गौरव अग्रवाल, सौरभ अग्रवाल, समीर अग्रवाल तथा प्रणव चंद्रा-को पूछताछ के लिए लाया गया। पुलिस इनसे आरोपियों के संभावित ठिकानों व संपर्कों के बारे में जानकारी जुटा रही है। वहीं आरोपियों की गिरफ्तारी तक सघन सर्च ऑपरेशन जारी रहेगा और सहयोग देने वालों के खिलाफ भी नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# कचौड़ी की दुकान में भीषण आग

**जयपुर।** कोतवाली थाना इलाके स्थित फिल्म कॉलोनी में सोमवार दोपहर एक कचौड़ी और नमकीन की छोटी दुकान में अचानक आग लग गई। दुकान में रखे गैस सिलेंडर और गर्म तेल के कारण आग तेजी से भड़क उठी, जिससे आसपास अफरा-तफरी मच गई। एहतियातन आसपास की दुकानों को तुरंत बंद करा दिया गया।

थानाधिकारी राजेश गौतम ने बताया कि सूचना पर दमकल विभाग की एक गाड़ी मौके पर पहुंची और करीब आधे घंटे में आग पर पूरी तरह काबू पा लिया। समय रहते कार्रवाई होने से बड़ा हादसा टल गया। प्रारंभिक जांच में खाना बनाते समय गैस सिलेंडर की पाइप में लीकेज को आग लगने का कारण माना जा रहा है।

घटना के समय दुकान मालिक मदनलाल मीणा और कर्मचारी सत्यनारायण दुकान में मौजूद थे। आग की चपेट में आकर दुकान में रखा तेल व अन्य सामान जलकर खाक हो गया।

# जेल में बंद रिटायर्ड चीफ इंजीनियर की पत्नी की मौत

**जयपुर।** खोह नागोरियान थाना इलाके में जल जीवन मिशन घोटाले में जेल में बंद रिटायर्ड तकनीकी चीफ इंजीनियर दिलीप कुमार गौड़ उर्फ डीके गौड़ की पत्नी की सोमवार सुबह 8वीं मंजिल से गिरने से मौत हो गई। घटना जगतपुरा स्थित वृंदा गार्डन अपार्टमेंट की है।

थानाधिकारी ओमप्रकाश मातवा ने बताया कि अपार्टमेंट में रहने वाली उर्मिला गौड़ (55) सोमवार सुबह करीब 7:15 बजे अपने फ्लैट की बालकनी में किसी काम से गई थीं। इसी दौरान संतुलन बिगड़ने पर वह 8वीं मंजिल से नीचे ग्राउंड फ्लोर पर गिर गईं।

जोरदार आवाज सुनकर अपार्टमेंट के लोग मौके पर पहुंचे तो वह लहूलुहान हालत में पड़ी तड़प रही थीं। लोगों ने तत्काल उन्हें जयपुरिया अस्पताल पहुंचाया, जहां उपचार के दौरान डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर खोह नागोरियान थाना पुलिस अस्पताल पहुंची और पोस्टमार्टम की कार्रवाई के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।

# डीजीपी से लेकर सिपाही तक सब एक रंग में रंगे



बुधवार शाम रिजर्व पुलिस लाइन जयपुर में उत्साह के साथ होली खेली।

**जयपुर( निसं )।** होली और धुलंडी पर लगातार दो दिन तक कानून-व्यवस्था संभालने के बाद राजस्थान पुलिस के अधिकारियों और जवानों ने बुधवार शाम रिजर्व पुलिस लाइन जयपुर में उत्साह के साथ होली मनाई। जहां डीजीपी से लेकर सिपाही तक सब एक रंग में रंगें नजर आए। जहांअधिकारी और कर्मचारी सभी ने जमकर होली खेली।

रंगों के इस आयोजन में पुलिस महानिदेशक राजीव शर्मा, डीजी संजय अग्रवाल और जयपुर पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल भी जवानों के बीच पहुंचे। वरिष्ठ अधिकारियों ने गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और जवानों का उत्साह बढ़ाया।

लंबी ड्यूटी के बाद मिले इस अवसर पर पुलिसकर्मियों में खासा उत्साह दिखाई दिया। अधिकारियों और जवानों ने एक-दूसरे को रंग लगाकर त्योहार की खुशियां साझा कीं। वरिष्ठ अधिकारियों ने कहा कि त्योहारों के दौरान पुलिसकर्मी अपने परिवार से दूर रहकर आमजन की सुरक्षा में तैनात रहते हैं। ऐसे आयोजन पुलिस परिवार में भाईचारा और उत्साह बढ़ाने का अवसर देते हैं। इससे पूर्व ज्योति नगर थाना परिसर में भी सुबह पुलिसकर्मियों ने हर्षोल्लास के साथ होली मनाई। थाना अधिकारियों और पुलिसकर्मियों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दीं तथा डीजे की धुन पर थिरकते नजर आए। पुलिस मुख्यालय की ओर से निर्देश जारी किए गए थे कि स्थानीय कानून-व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए एसपी, रेंज आईजी और पुलिस आयुक्त अपने स्तर पर होली आयोजन का निर्णय लें। इसी के तहत जयपुर सहित विभिन्न जिलों में परिस्थितियों के अनुसार कार्यक्रम आयोजित किए गए।गौरतलब है कि पुलिस बल रविवार सुबह से लगातार ड्यूटी पर तैनात रहा। धुलंडी के दिन और उसके बाद भी शहर की सड़कों पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रही। आमतौर पर पुलिसकर्मी होली अगले दिन सुबह मनाते हैं,लेकिन इस बार दो दिन धुलंडी मनाए जाने के कारण आयोजन शाम को रखा गया।

# युवक ने ट्रेन के आगे कूदकर दी जान

**जयपुर।** राजधानी के बिंदायका रेलवे स्टेशन पर मंगलवार की शाम एक 35 वर्षीय युवक ने ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलते ही कनकपुरा आरपीएफ, जीआरपी एवं बिंदायका थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लिया।पुलिस के अनुसार प्रारंभिक जांच में युवक द्वारा आत्महत्या किए जाने की बात सामने आई है। हालांकि मृतक की शिनाख्त के प्रयास जारी हैं। आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है तथा रेलवे स्टेशन परिसर के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

# फर्जी फर्मों से बैंक लोन प्रकरण में सजा, जांच अधिकारी पर भी कार्रवाई के आदेश

**जयपुर, 4 मार्च।** सीबीआई मामलों के अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने फर्जी फर्मों का गठन कर विजया बैंक से लोन लेने के 25 साल पुराने मामले में अभियुक्त आलोक कुमार अग्रवाल को सात साल की सजा सुनाई है। इसके साथ ही अदालत ने अभियुक्त पर पचास हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। प्रकरण में अदालत ने अभियुक्त के भाई अरुण अग्रवाल को दोषमुक्त कर दिया है। वहीं सुनवाई के दौरान अभियुक्त के पिता सांवरमल की मौत हो चुकी है।

पीठासीन अधिकारी जया अग्रवाल ने अपने आदेश में कहा कि जांच अधिकारी ने फर्जी फर्मों के खाता खोलने के प्रार्थना पत्र तक एकत्रित करने का प्रयास नहीं किया। जांच अधिकारी ने प्रार्थना पत्र व केवाईसी दस्तावेजों को जांच के दायरे से बाहर रखा, जबकि वह जानता था कि ये प्रार्थना पत्र ही मुख्य साक्ष्य होते हैं, जो बैंककर्मियों की मिलीभगत को उजागर करते हैं। ऐसे में सीबीआई निदेशक को निर्देश दिए जाते हैं कि वह प्रकरण के मुख्य अनुसंधान अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई करे। अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक अनिरुद्ध दाधीच ने बताया कि मामले में विजया बैंक, जयपुर में दस फर्मों के नाम से विजया बैंक में खाते खोले गए, जबकि इन फर्मों का कोई अस्तित्व ही नहीं था। इन खातों के जरिए विजया बैंक को करीब पांच करोड रुपए की हानि पहुंचाई गई थी। प्रकरण में गुप्त सूचना पर सीबीआई ने मामला दर्ज कर साल 2001 और साल 2002 में विशेष न्यायालय में आरोप पत्र पेश किया था।

# उद्योगों में सुरक्षा संस्कृति अपनाना समय की जरूरत : उप मुख्यमंत्री

- **राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस राज्य स्तरीय समारोह मनाया**
- **15 औद्योगिक इकाइयों को कारखाना सुरक्षा पुरस्कार, सुरक्षा पुस्तिका का ई-विमोचन**

**जयपुर, (निसं)।** राजस्थान राज्य लोक प्रशासन संस्थान (एचसीएम-रीपा) में बुधवार को 55वां राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस राज्य स्तरीय समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने उद्योगों में सुरक्षा संस्कृति अपनाने को समय की आवश्यकता बताते हुए कहा कि सुरक्षित कार्यस्थल औद्योगिक विकास की आधारशिला है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत-2047 के विजन को साकार करने के लिए सुरक्षित और सुदृढ़ औद्योगिक वातावरण अत्यंत आवश्यक है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार उद्योगों में सुरक्षा मानकों को सुदृढ़ करने तथा श्रमिकों के लिए सुरक्षित कार्य वातावरण सुनिश्चित करने की दिशा में निरंतर प्रयास कर रही है।

डॉ. बैरवा ने कहा कि सुरक्षित कार्यस्थल न केवल श्रमिकों के जीवन की सुरक्षा सुनिश्चित करते हैं, बल्कि उद्योगों की उत्पादकता बढ़ाने और देश के आर्थिक विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस का उद्देश्य उद्योगों और संस्थानों में कार्यरत लोगों के बीच सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा सुरक्षित कार्य संस्कृति को मजबूत करना है। उन्होंने औद्योगिक इकाइयों से आधुनिक तकनीकों, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, सेंसर आधारित निगरानी और रीयल-टाइम मॉनिटरिंग जैसे उपायों को अपनाने का आव्हान किया।

उन्होंने कहा कि इन तकनीकों के माध्यम से संभावित खतरों की समय रहते पहचान कर दुर्घटनाओं की संभावना को कम किया जा सकता है और कार्यस्थलों पर सुरक्षा संस्कृति को और सुदृढ़ बनाया जा सकता है।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि औद्योगिक इकाइयों में सुरक्षा नियमों का कड़ाई से पालन, संभावित खतरों का समय रहते आकलन तथा आधुनिक तकनीकों का उपयोग दुर्घटनाओं की रोकथाम में अत्यंत सहायक है। उन्होंने उद्योगों से श्रमिकों और कर्मचारियों को नियमित सुरक्षा प्रशिक्षण देने और कार्यस्थलों को सुरक्षित बनाने पर विशेष ध्यान देने की अपील की।

इस अवसर पर उनके द्वारा सुरक्षा जागरूकता पर आधारित पुस्तिका का ई-विमोचन भी किया गया। कार्यक्रम में कारखाना सुरक्षा पुरस्कार योजना-2026 के अंतर्गत औद्योगिक सुरक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली इकाइयों को सम्मानित किया गया। इसके तहत वृहद, मध्यम और लघु श्रेणियों में चयनित कुल 15 औद्योगिक इकाइयों को कारखाना सुरक्षा पुरस्कार प्रदान किए गए।

# सिटी पैलेस में पारम्परिक 'होलिका दहन' का आयोजन



जयपुर के सिटी पैलेस में सोमवार रात को पारम्परिक 'होलिका दहन' का आयोजन शाही शान-शौकत के साथ किया गया।

**जयपुर, (निसं)।** जयपुर के सिटी पैलेस में सोमवार रात को पारम्परिक 'होलिका दहन' का आयोजन शाही शान-शौकत के साथ किया गया। 'होलिका दहन' से पूर्व, जयपुर के हिज हाइनेस महाराजा सवाई पद्मनाभ सिंह ने 'पूजन' एवं 'हवन' अनुष्ठान सम्पन्न किया। इस अवसर पर राजमाता पद्मिनी देवी, उप मुख्यमंत्री और राजपरिवार की सदस्य, दिया कुमारी और प्रिंसेस गौरवी कुमारी भी उपस्थित रहीं।

समारोह में कई गणमान्य व्यक्ति और अतिथि सम्मिलित हुए। जयपुर में परंपरा के अनुसार, होलिका दहन के बाद स्थानीय लोग होली की पवित्र अग्नि को संबंधित कॉलोनियों में 'होलिका दहन' के लिए ले गए। उत्सव के दौरान लोक कलाकारों द्वारा चंग की शानदार प्रस्तुति दी गई।

# मणिपाल यूनिवर्सिटी में क्रेन नुमा ढांचा गिरा, 20 छात्र घायल

**जयपुर।** बगरू थाना इलाके में स्थित मणिपाल यूनिवर्सिटी जयपुर में आयोजित होली उत्सव के दौरान बड़ा हादसा हो गया। कैंपस में डीजे और रेन डांस के बीच लगाया गया लोहे का स्क्वायर और क्रेन नुमा ढांचा अचानक गिर पड़ा। जिससे करीब 20 छात्र-छात्राएं घायल हो गए। घटना से परिसर में अफरा-तफरी मच गई। बगरु थाना प्रभारी राजेंद्र गोदारा ने बताया कि कैंपस में होली पार्टी चल रही थी। छात्र-छात्राएं डीजे की धुन पर रेन डांस कर रहे थे। इसी दौरान कार्यक्रम स्थल पर लगाया गया लोहे का स्क्वायर और क्रेन नुमा स्ट्रक्चर अचानक असंतुलित होकर गिर गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ढांचा गिरते ही मौके पर भगदड़ जैसे हालात बन गए और कई छात्र उसकी चपेट में आ गए। हादसे में घायल 20 छात्रों में से 17 को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जबकि तीन छात्रों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। चिकित्सकों के अनुसार घायलों को हल्की एवं मध्यम चोटे आई हैं ।

## सार-समाचार

### होली के हुड़दंग से खुशियों में खलल: 900 से अधिक मरीज पहुंचे अस्पताल

**जयपुर(निसं)।** रंगों के पर्व होली पर हुड़दंग और लापरवाही ने कई परिवारों की खुशियों में खलल डाल दिया। शहर में विभिन्न हादसों में 100 से अधिक लोग चोटिल हो गए। बीते 24 घंटे में एसएमएस अस्पताल जयपुर में मरीजों की संख्या में अचानक बढ़ोतरी दर्ज की गई। अस्पताल के ट्रोमा सेंटर में कुल 329 मरीज पहुंचे। जिनमें से 17 मरीज ऐसे थे जो होली खेलने के दौरान गंभीर रूप से घायल हुए। इनमें से 6 को भर्ती किया गया, जबकि शेष को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया। मुख्य इमरजेंसी में इस दौरान 633 मरीज पहुंचे, जिनमें से 153 को भर्ती करना पड़ा। होली खेलने के बाद आंख (स्क्रीन), ईएनटी और नशे से संबंधित परेशानी लेकर 5 मरीज भी अस्पताल पहुंचे। धुलंडी के दिन भी ट्रोमा सेंटर में 9 मरीज आए, जिनमें से एक को भर्ती किया गया। चिकित्सकों के अनुसार अधिकांश मामलों में बाइक फिसलने, सड़क हादसे, झगड़े और नशे की हालत में गिरने से चोटें आईं। अस्पताल अधीक्षक डॉ. मृणाल जोशी और ट्रोमा प्रभारी डॉ. राजेन्द्र मांडिया ने हालात पर लगातार नजर बनाए रखी। अतिरिक्त स्टाफ की तैनाती कर उपचार व्यवस्था सुचारू रखी गई।

### जवाहर सर्किल पुलिस ने 250 किलो मिलावटी पनीर जब्त कर किया नष्ट

**जयपुर।** होली और रमजान के बीच खाद्य पदार्थों में मिलावट पर सख्ती दिखाते हुए जवाहर सर्किल थाना पुलिस ने टीला नंबर-1 के पास एक डेयरी पर बड़ी कार्रवाई करते हुए 250 किलोग्राम संदिग्ध व मिलावटी पनीर की खेप जब्त की। पनीर अलवर के मेवात क्षेत्र से तैयार होकर जयपुर लाया गया था। पुलिस के अनुसार 2 मार्च की रात पीसीआर टीम गश्त पर थी। इसी दौरान टीला नंबर-1 के पास राधे बेकर्स के बाहर एक बाहरी नंबर की पिकअप गाड़ी खड़ी दिखाई दी। पुलिस वाहन को देखकर वहां मौजूद एक व्यक्ति मौके से फरार हो गया। उसके भागने पर पुलिस को संदेह हुआ और पिकअप की तलाशी ली गई। जांच के दौरान वाहन में रखे कंटेनरों में बड़ी मात्रा में पनीर भरा मिला। कंटेनर खोलते ही पनीर से तेज और अजीब बदबू आ रही थी, जिससे उसके मिलावटी होने की आशंका गहरा गई। इसके बाद पुलिस ने तुरंत जिला कलेक्ट्रेट कंट्रोल रूम को सूचना दी और सीएमएचओ जयपुर की फूड सेफ्टी टीम को मौके पर बुलाया। फूड सेफ्टी टीम अधिकारी विशाल मित्तल के नेतृत्व में मौके पर पहुंची। टीम ने पनीर के नमूने लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे। प्रारंभिक जांच में पनीर को मिलावटी मानते हुए पूरी खेप को नष्ट करने के निर्देश दिए गए। पुलिस और फूड सेफ्टी टीम की निगरानी में करीब 250 किलोग्राम पनीर को ईदगाह के पास स्थित नाले में डालकर नष्ट कर दिया गया। पुलिस ने पिकअप वाहन को जब्त कर लिया है और फरार व्यक्ति की तलाश की जा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि त्योहारों के मद्देनजर खाद्य पदार्थों में मिलावट करने वालों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### फ्लाइट क्रू से दुर्व्यवहार करने वाला यात्री गिरफ्तार

**जयपुर।** मुंबई से जयपुर आ रही स्पाइसजेट की फ्लाइट में एक यात्री द्वारा सिगरेट पीने की कोशिश और क्रू मेंबर्स से अभद्रता का मामला सामने आया है। जयपुर इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर लैंडिंग के बाद पुलिस ने आरोपी यात्री को हिरासत में ले लिया। क्रू मेंबर ने उसके खिलाफ एयरपोर्ट थाने में लिखित शिकायत दी है। जानकारी के अनुसार मामला मंगलवार सुबह फ्लाइट एसजी-920 का है। फ्लाइट ने सुबह 9:30 बजे मुंबई से जयपुर के लिए उड़ान भरी थी। टेकऑफ के तुरंत बाद एक यात्री ने विमान के भीतर सिगरेट जलाने की कोशिश की। क्रू मेंबर्स ने उसे नियमों की जानकारी देते हुए रोका तो वह भड़क गया और हंगामा करने लगा। आरोप है कि उसने क्रू मेंबर के साथ दुर्व्यवहार करते हुए आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल किया। क्रू ने स्थिति को संभालते हुए अन्य यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित की। फ्लाइट सुबह करीब 11:35 बजे जयपुर एयरपोर्ट पर पहुंची, लेकिन यहां भी यात्री का हंगामा जारी रहा। अराइवल एरिया में भी उसने अभद्र व्यवहार किया। मौके पर मौजूद सुरक्षाकर्मियों ने उसे समझाने का प्रयास किया, लेकिन वह नहीं माना। इसके बाद एयरलाइन स्टाफ ने पूरे घटनाक्रम की सूचना स्थानीय पुलिस को दी। एयरपोर्ट थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी यात्री को हिरासत में ले लिया।

# आईटीबी बर्लिन में राजस्थान पर्यटन का सशक्त आगाज़

- **वैश्विक मंच पर विरासत, स्थापत्य और सतत पर्यटन मॉडल की हुई प्रभावी प्रस्तुति**



राजस्थान पर्यटन विभाग के स्टैंड 200 का विधिवत उद्घाटन पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत तथा जर्मनी में भारत के राजदूत अजीत गुप्ते द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया।

**जयपुर/बर्लिन, ( निसं )।** जर्मनी की राजधानी बर्लिन शहर में विश्व के सबसे बड़े पर्यटन व्यापार मेले आईटीबी बर्लिन का मंगलवार को उद्घाटन हुआ।

इस अवसर पर हॉल 5.2 में राजस्थान पर्यटन विभाग के स्टैंड 200 का विधिवत उद्घाटन भारत सरकार के पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत तथा जर्मनी में भारत के राजदूत अजीत गुप्ते द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया।

भारत सरकार के पर्यटन मंत्री श्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने राजस्थान पर्यटन पवेलियन में राजस्थान फिल्म पर्यटन प्रोत्साहन नीति-2025 को भी इस अवसर पर शोकेस किया।

उद्घाटन समारोह में राजस्थान पर्यटन विभाग की आयुक्त रूकमणी रियाड़, अतिरिक्त निदेशक पवन कुमार जैन एवं संयुक्त निदेशक डॉ. पुनीता सिंह उपस्थित रहे। साथ ही राजस्थान के स्टॉक होल्डर में , ट्रूली इंडिया पैलेस ओन व्हील्स,अल्केमी टू वोयाज प्राइवेट लिमिटेड एवं इंटरएक्टिव टूर्स टू इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के प्रतिनिधि उपस्थित थे। राजस्थान पर्यटन विभाग की टीम का नेतृत्व कर रही आयुक्त श्रीमती रुक्मणी रियाड़ ने इस अवसर पर राजस्थान फाउंडेशन जर्मनी के अध्यक्ष श्री हरगोविंद सिंह राणा से राजस्थान पर्यटन को बढ़ावा देने की चर्चा की। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों, टूर संचालकों एवं आगंतुकों का राजस्थान पवेलियन में स्वागत किया एवं राजस्थान पर्यटन के नवाचारों के बारे में जानकारी दी। राजस्थान मंडप अपनी सांस्कृतिक भव्यता, स्थापत्य सौंदर्य और नवाचारपूर्ण प्रस्तुति के कारण विशेष आकर्षण का केंद्र बना रहा। आईटीबी बर्लिन का आयोजन 3 से 5 मार्च तक होगा जिसमें भारत के अन्य राज्यों के साथ ही राजस्थान पर्यटन विभाग भी राजस्थान में विदेशी पर्यटकों की संख्या में वृद्धि करने के लिए विभिन्न पर्यटन आकर्षणों को शो केस कर रहा है।

# मुख्यमंत्री निवास पर होलिका दहन



सिविल लाइन्स स्थित मुख्यमंत्री निवास पर होली पूजन कर प्रदेशवासियों की खुशहाली एवं समृद्धि की कामना की।

- **मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने की प्रदेश में सुख-समृद्धि की कामना**

**जयपुर, (निसं)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार मध्यरात्रि के पश्चात सिविल लाइन्स स्थित मुख्यमंत्री निवास पर होली पूजन कर प्रदेशवासियों की खुशहाली एवं समृद्धि की कामना की। शर्मा ने यहां राज राजेश्वरी मंदिर प्रागंण में विधिवत् रूप से होली पूजन किया।

इसके बाद मंत्रोच्चार के बीच होलिका दहन किया गया।इस दौरान राजस्थान पुलिस की आरएसी बटालियन के जवानों ने चंग की थाप पर होली के गीत और नृत्य प्रस्तुत किए। मुख्यमंत्री ने जवानों से मिलकर उनकी हौसला अफजाई की।होलिका दहन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।